वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

प्रेषकः—

परीक्षा नियंत्रक,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय
जौनपुर।

पत्रांकः 2667 / परीक्षा / 2024

दिनांक : 25.07.2024

सेवा में,

प्राचार्य / केन्द्राध्यक्ष,
समस्त बी0एड0 परीक्षा केन्द्र,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

विषय— **बी0एड0, बी0पी0एड0 एवं एम0एड0 परीक्षा से संबंधित।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक बी0एड0, बी0पी0एड एवं एम0एड0 द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा दिनांक 29.07.2024 से प्रारम्भ होना निर्धारित है। जिसमें 24 महाविद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। **जिसमें दो महाविद्यालय यथा—बापू महाविद्यालय, सादात, गाजीपुर का नोडल केन्द्र समता पी0जी0 कालेज, गाजीपुर तथा आत्म प्रकाश आदर्श महाविद्यालय, अरसदपुर, जंगीपुर, गाजीपुर का नोडल केन्द्र पी0जी0 कालेज, गाजीपुर** रहेगा। तद्नुसार उक्त दोनों परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। शेष 22 परीक्षा केन्द्र स्वयं में नोडल केन्द्र रहेंगे। परीक्षा संचालन से संबंधी **"केन्द्राध्यक्षों को निर्देश"** विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड है। छात्रों के प्रवेशपत्र वेबसाईट पर अपलोड कर दिये गये हैं, कृपया तद्नुसार छात्रों को भी व्यापक प्रचार—प्रसार कर सूचित करने का कष्ट करें, जिससे किसी छात्र की परीक्षा छूटने न पाये। परीक्षा सम्पन्न होने तक एक कन्ट्रोल रूम स्थापित है तथा आवश्यकतानुसार मो0नं0 8400283333 (श्री दिव्येन्दु मिश्रा) 9793012850(श्री जितेन्द्र पाण्डेय), 9415494969 (श्री देवानन्द पाण्डेय), 8887699785,(श्री उत्तम चौबे) एवं 8004042875 (श्रीमती नीता गुप्ता) पर सम्पर्क किया जा सकता है।

अतः उक्त के अनुसार शुचिता एवं पारदर्शितापूर्ण परीक्षा संचालन कराना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
2. वित्तअधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें।
5. सम्पादक...समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. प्रभारी, वेब मास्टर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
7. अधीक्षक, परीक्षा / गोपनीय / अतिगोपनीय।
8. आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा नियंत्रक जी को सूचनार्थ।
9. नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

उप कुलसचिव
परीक्षा